## कार्यालय नगर परिषद उन्हेल जिला उज्जैन (म.प्र.)

क्रमांक / 892 / दिव्यांग भर्ती / 2024 दिनांक 13.08.2024

### विज्ञापन

विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजनों के लिये आरक्षित निम्न पदों की पूर्ति के लिये पात्र अभ्यार्थियों से निर्धारित प्रारूप पर आवेदन आमंत्रित किये जाते आवेदन विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस तक (अवकाश के दिनों को छोडकर) सायं 5.00 बजे तक डाक से अथवा व्यक्तिशः नगर परिषद उन्हेल जिला उज्जैन के कार्यालय में प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

| क्र. | पद का नाम | पद की श्रेणी | वेतनमान | आरक्षित वर्गवार रिक्तियां | | | | निर्धारित योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दृष्टि बाधित और कम दृष्टि | बहरे और कम सुनने वाले | लोकोमोटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित है, सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ट रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीडित, मस्कुलर डिस्ट्राफी | ऑटिज्म बौध्दिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी और बहुविकलांगता | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | सफाई संरक्षक | संविदा | 8000 अथवा कलेक्टर द्वारा स्वीकृत दर | 0 | 0 | 1 | 0 | 5वीं कक्षा उत्तीर्ण |

**मुख्य शर्तें :–**

1– आवेदक को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
2– इस विज्ञापन के जारी होने के दिनांक को आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष होना चाहिये।
3– आवेदक का म.प्र. राज्य के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
4– आवेदक का विवाह निर्धारित न्यूनतम आयु (पुरूष के लिये 21 वर्ष, महिला के लिये 18 वर्ष) के पूर्व हो गया हो तो उक्त पद के लिये उसे अयोग्य माना जावेगा।
5– प्राप्त आवेदनों की जॉच के बाद मेरिट के आधार पर चुनिंदा अभ्यार्थियों को वॉक–इन–इंटरव्यू / साक्षरता के लिये आमंत्रित किया जावेगा। उक्त की सूचना आवेदक की मेल आईडी पर दी जावेगी।
6– वॉक–इन–इंटरव्यू के लिये आने वाले आवेदकों को किसी प्रकार का यात्रा अथवा अन्य भत्ता देय नहीं होगा।
7– आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख स्वयं अथवा राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित होने चाहिये।
8– भर्ती से संबंधित अन्य जानकारी जिला कलेक्टर कार्यालय / जिला पंचायत कार्यालय / निकाय के सूचना पटल एवं वेबसाइड https://nagarparishadunhel.com पर देखी जा सकती है।
9– नियुक्ति से संबंधित सभी अधिकार नियुक्ति प्राधिकारी के पास सुरक्षित होंगे।
10– आवेदन भेजने का पता– मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद उन्हेल चांदबड चौक जिला उज्जैन (म0प्र0) पिनकोड 456221,

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद उन्हेल जिला उज्जैन

पृ. क्रमांक / 893 / दिव्यांग भर्ती / 2024 दिनांक 13.08.2024

प्रतिलिपि :–

1– कलेक्टर कार्यालय जिला उज्जैन के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
2– कार्यालय तहसील उन्हेल जिला उज्जैन के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
3– प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उन्हेल के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
4– कृषि उपज मण्डी समिति उन्हेल नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
5– नगर के दृष्टिगोचर स्थलों पर चस्पा हेतु।
6– कार्यालय नगर परिषद् उन्हेल के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
7– प्रतिनिधि दैनिक समाचार पत्र " **पत्रिका** " की ओर प्रेषित कर अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार विज्ञापन सूचना का 02 कॉलम 13 से.मी. में प्रकाशन करवाकर समाचार पत्र की 03 प्रतियां इस कार्यालय को भिजवाने का कष्ट करें।
8– प्रतिनिधि दैनिक समाचार पत्र " **स्वदेश** " की ओर प्रेषित कर अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार विज्ञापन सूचना का 02 कॉलम 13 से.मी. में प्रकाशन करवाकर समाचार पत्र की 03 प्रतियां इस कार्यालय को भिजवाने का कष्ट करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद उन्हेल जिला उज्जैन

Chief Municipal Officer
Nagar Parishad Unhel

Scanned with CamScanner